>

Title: Need to close unutilized railway stations and to set up new stations on Ahmedabad-Himmatnagar-Udaipur stretch.

श्री महेन्द्रसिंह पी. चौहाण (साबरकांठा): मेरा संसदीय क्षेत्र साबरकांठा (गुजरात) आदिवासी, दलित एवं आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों का क्षेत्र है। आजादी के इतने वÂााॉ बाद भी इस क्षेत्र में देश का विकास नहीं हो पाने के कारण विकास की दÂिट से यह क्षेत्र पिछड़ा हुआ है।

मेरे संसदीय क्षेत्र से अहमदाबाद-हिम्मतनगर-उदयपुर रेल लाइन गुजरती है, वो अभी मीटरगेज है और उस रेल लाइन पर जो रेलवे स्टेशन बनाए गए हैं उनमें कई विसंगतियां हैं। रेलवे स्टेशन और गांवों के बीच बहुत अंतर होने की वजह से लोगों को कोई ज्यादा फायदा नहीं हो रहा। इसके चलते न तो लोगों को सुविधा मिलती है, न रेलवे को आय। रेलगाड़ी घाटे में चल रही है।

अब इस अहमदाबाद-हिम्मतनगर-उदयपुर रेल लाइन का आमान परिवर्तन हो रहा है तो मेरी मांग है कि इस पूरी रेल लाइन का नए सिरे से सर्वे किया जाए तथा अनुपयोगी रेलवे स्टेशनों को बंद किया जाए। यात्रियों की ज्यादा संख्या तथा रेल को अच्छी आय प्राप्त हो सके, इसको ध्यान में रखकर इस रेल लाइन पर नए रेलवे स्टेशनों को स्थापित किया जाए।